वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :5 अंक : 08 | शनिवार 3 मई 2025 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

# नई शिक्षा नीति विकसित भारत और विश्वगुरु भारत बनाने में महत्वपूर्ण: राज्यपाल




**जयपुर. कासं**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय-बांसवाड़ा में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में कहा कि भारतीय प्राचीन ज्ञान विश्व को आधुनिक दृष्टि प्रदान करने वाला है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी नई शिक्षा नीति के जरिए विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता विकास के साथ उनमें रचनात्मक गुण विकसित किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत को विकसित राष्ट्र ही बनाने में महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि इसके जरिए फिर से देश विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षक और शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा कि आचार्य वह है जो अपने आचरण से आदर्श प्रस्तुत करे। बागडे ने आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा-राजस्थान एवं शिक्षा संस्कृतिक उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय के राणा पूंजा सभागार में आयोजित ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन में शिक्षक एवं शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका'' विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में यह बात कही। राज्यपाल ने कहा कि नया, विकसित, सर्वश्रेष्ठ और विश्व गुरु भारत बनाने में नई शिक्षा नीति महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति को बनाने में कई शिक्षाविदों ने योगदान दिया है। नई शिक्षा नीति भारतीय परंपरा और संस्कृति के अनुसार है। शिक्षा नीति सभी तक आसान पहुंच, गुणवत्ता, जवाबदेही जैसे प्रमुख स्तंभों पर विकसित की गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ज्ञान को अपने तक सीमित न रखें। इसे विद्यार्थियों तक पहुंचाए ताकि ज्ञानवान, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का निर्माण हो जो देश का नाम विश्व में रोशन करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी का आचरण अच्छा होना चाहिए। विद्यार्थी शिक्षकों को देखकर उनके सामान आचरण करते हैं इसलिए शिक्षक अपने आचरण से विद्यार्थियों को प्रेरित करें। शिक्षक रुचिपूर्ण शब्दों, उदाहरणों, कहानियों के माध्यम से विद्यार्थियों का विषय के प्रति ध्यान आकर्षित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता, शारीरिक क्षमता, नैतिक व भावनात्मक विकास की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने इससे पहले वानस्पतिक उद्यान और जनजातीय संग्रहालय का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में शिक्षा संस्कृति उत्थान, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. के.एस. ठाकुर ने स्वागत उद्बोधन दिया।

# प्रदीप मिश्रा बोले-लड़कियों की नाभि ढकी रहेगी, सुरक्षा बनी रहेगी

## बच्चों को अच्छे संस्कार देने की जरूरत; कुसंगति उन्हें रावण बना देती है

**जयपुर. कासं**

जयपुर में कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने कहा- अगर तुलसी के पौधे की जड़ दिखने लगे तो वह पौधा मर जाता है। वैसे ही लड़कियों की नाभि भी शरीर की जड़ है। उसे वस्त्र (कपड़े) से ढककर रखना चाहिए। जितना ढका रहेगा, उतनी सुरक्षा बनी रहेगी। उन्होंने कहा- आज के समय में अपराध क्यों बढ़ रहे हैं? इसका कारण पहनावा है। दुनिया की कोई सरकार या प्रशासन क्राइम नहीं रोक सकता, उसे घर के संस्कार ही रोक सकते हैं। विद्याधर नगर स्टेडियम में सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा के दूसरे दिन प्रदीप मिश्रा ने ये बात कही। प्रदीप मिश्रा ने चंचला देवी का उदाहरण देते हुए स्त्रियों को पहनावे को लेकर नसीहत दी। उन्होंने कहा- चंचला देवी अपने पति को समझाती थीं कि तुम गलत जगह मत जाओ, गलत काम मत करो, गलत भोजन मत करो, गलत दृष्टि और गलत विचार मत रखो। आज भारत की हर स्त्री यही सीख देती है। लेकिन आज के जमाने में दो चीजें बहुत गलत हो रही हैं- एक भोजन और दूसरा पहनावा। प्रदीप मिश्रा ने आगे कहा- पहले जीवन में चार अवस्थाएं होती थीं- बचपन, जवानी, अधेड़ी और बुढ़ापा। अब सिर्फ दो रह गई हैं- बचपन और बुढ़ापा। आज के बच्चे मोबाइल चला-चलाकर जवानी में करने वाले काम बचपन में ही कर रहे हैं। इसलिए लोग सीधा बचपन से बुढ़ापे में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा- बच्चों को श्रेष्ठ (अच्छे) संस्कार देने की जरूरत है। माता-पिता 20 साल तक बच्चों को पढ़ाकर, अपना धन और श्रम लगाकर उन्हें राम बनाने का प्रयास करते हैं, लेकिन 20 मिनट की कुसंगति उन्हें रावण बना देती है। 20 साल की तपस्या 20 मिनट में खत्म हो जाती है।

### बिल्वपत्र से गांठ ठीक करने का उपाय बताया

कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने शरीर में गांठ को लेकर कहा- अगर शरीर में कहीं गांठ बन जाए तो डॉक्टर को दिखाएं। उनका इलाज लें। लेकिन साथ में एक बिल्वपत्र खिला दें। डॉक्टर भगवान शिव का स्वरूप हैं, ऐसे में डॉक्टर की सलाह तो माने ही, यह उपाय भी करें। बिल्वपत्र से किसी भी तरह की गांठ निकल जाती है। कथा स्थल पर भीड़ को देखते हुए पुलिस ने मोर्चा संभाला। स्टेडियम के दूर-दूर तक बैरिकेडिंग कर दी गई और सुबह 11 बजे के बाद से ही लोगों की एंट्री बंद कर दी गई। जो जहां था, वहीं अटक गया। ज्यादा भीड़ के कारण पांडाल भी छोटा पड़ गया और हजारों लोग बाहर कड़ी धूप में



भटकते रहे। भीड़ में सक्रिय चोरों की गैंग ने माहौल का फायदा उठाया। पुलिस के मुताबिक यूपी और पंजाब से आई महिला चोर गैंग ने लोगों की सोने की चेन, कानों की बालियां, पर्स और मोबाइल चोरी कर लिए। ये महिलाएं इस तरह की घटनाओं में एक्सपर्ट हैं। इसको देखते हुए पुलिस ने सादा वर्दी में जवान तैनात किए और संदिग्धों पर नजर रखी गई।

### जाम के हालात, ट्रैफिक डायवर्जन

बढ़ती भीड़ के चलते विद्याधर नगर और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने यातायात व्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए इन इलाकों में डायवर्जन लागू किया। राहत की बात यह रही कि गुरुवार शाम हुई बारिश और ओलों के कारण शुक्रवार को तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

# महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन, जयपुर

द्विवार्षिक चुनाव : 2025-27

# टीम आदर्श

वोट बदलाव के लिये • पारदर्शिता के लिये • अस्तित्व के लिये

VOTE

## कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु

सेवा को समर्पित टीम को अपना मत एवं समर्थन देकर विजयी बनावें

बैलेट नं. 1



**अरुण कुमार बैराठी**
पूर्व मुख्य सचिव खादी कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी
बजाज नगर, जयपुर

बैलेट नं. 2



**इंजी. अशोक कुमार खण्डेलवाल**
रिटायर्ड चीफ इंजीनियर विद्युत विभाग,
पूर्व सचिव : राजस्थान पावर इंजीनियर एसोसिएशन

बैलेट नं. 3



**डॉ. अशोक कुमार माथुर**
रिटायर्ड प्रमुख विशेषज्ञ
जयपुरिया हॉस्पिटल

बैलेट नं. 5



**बसंत जैन**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा
पूर्व सदस्य देव स्थान विभाग ट्रस्ट राज. सरकार

बैलेट नं. 6



**कमलेश खण्डेलवाल**
अध्यक्ष : श्री बलराम सत्संग मण्डल ट्रस्ट जयपुर
महामंत्री : सिद्ध समाधी योग, जयपुर

बैलेट नं. 7



**कृष्णपाल धीर**
पूर्व मुख्य प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक
पूर्व अध्यक्ष कन्ज़्यूमर एक्शन नेटवर्क सोसायटी (केन्स)

बैलेट नं. 12



**पीयूष जैन**
अध्यक्ष : जैन सोश्यल ग्रुप, ग्लोरी
अध्यक्ष : लायन्स क्लब जयपुर आकाशदीप

बैलेट नं. 15



**ईजी. प्रेम चन्द छाबड़ा**
संरक्षक : अणुव्रत समिति, जयपुर
पूर्व मंत्री : महावीर इन्टरनेशनल ऐसोसिएशन, जयपुर

बैलेट नं. 16



**राकेश गोदिका जैन**
संपादक : शाबाश इण्डिया समाचार पत्र
अध्यक्ष : सोशल एण्ड ब्लड एड सोसायटी जयपुर

बैलेट नं. 17



**डॉ. रामलाल प्रजापत**
जिला अध्यक्ष : सेवा भारती जयपुर
पूर्व कार्य. सदस्य महावीर इन्ट. ऐसोसिएशन, जयपुर

बैलेट नं. 18



**रमेश चन्द गुप्ता**
सचिव : राधा-कृष्ण मन्दिर ट्रस्ट
कार्य. सदस्य : जनता कॉलोनी विकास संस्थान

बैलेट नं. 20



**डॉ. शान्ती लाल जैन**
रिटा. प्रोफेसर राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
पूर्व अध्यक्ष : टैक्स कन्सलटेन्ट एसोसिएशन

**VOTE & SUPORT**
**टीम आदर्श**

बैलेट नं. 27



**एडवोकेट विनीत जैन**
उपाध्यक्ष : जैन सोश्यल ग्रुप, ग्लोरी
पूर्व संयुक्त सचिव : जैन सोश्यल ग्रुप, पर्ल

**रविवार, दिनांक 4 मई, 2025**
समय प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
**स्थान : महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन भवन**
एस-10, जनता कॉलोनी, जयपुर

मतदान हेतु मतदाता अपना फोटो युक्त मूल पहचान पत्र पेनकार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/आधार कार्ड/पासपोर्ट एवं मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य रूप से अवश्य साथ लावें। इसके अभाव में मतदान सम्भव नहीं होगा।

वोट बदलाव के लिये • पारदर्शिता के लिये • अस्तित्व के लिये

# महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन, जयपुर


द्विवार्षिक चुनाव : 2025-27

# टीम आदर्श

## गर्वनिंग कॉन्सील सदस्य पद हेतु

| बैलेट नं. | नाम | बैलेट नं. | नाम | बैलेट नं. | नाम | बैलेट नं. | नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुण कुमार बैराठी | 2 | अशोक कुमार खण्डेलवाल | 3 | अशोक कुमार माथुर | 5 | बसंत जैन |
| 6 | कमलेश खण्डेलवाल | 7 | कृष्णपाल धीर | 12 | पीयूष जैन | 15 | प्रेम चन्द छाबड़ा |
| 16 | राकेश गोदिका जैन | 17 | रामलाल प्रजापत | 18 | रमेश चन्द गुप्ता | 20 | शान्ती लाल जैन |
| 27 | विनीत जैन | | | | | | |

टीम आदर्श को अपना अमूल्य मत एवं समर्थन देकर विजयी बनायें



## राकेश गोदिका

संपादक-शाबाश इण्डिया

एक Vote संस्था के नाम

: निवेदक :

बैलेट नं. 16 राकेश गोदिका जैन

## मानव सेवा को समर्पित प्रमुख समाजसेवी

विगत 43 वर्षो में 500 से अधिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर
20,000 यूनिट रक्त एकत्रित करवाने में एवं
1000 नैत्र प्रत्यारोपण ऑपरेशन करवाकर मानव सेवा में सहयोग किया

मेंने भी अब तक लगभग 75 बार रक्तदान कर
मानव सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया हैं।



VOTE & SUPORT
टीम आदर्श

**रविवार, दिनांक 4 मई, 2025**
समय प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
स्थान : महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन भवन
एस-10, जनता कॉलोनी, जयपुर
(मतदान हेतु अपनी एक ओरिजनल फोटो आई-डी प्रूफ अवश्य लायें)

VOTE

## वेद ज्ञान


### अपने विवेक का खुद इस्तेमाल करें

सार्थक और सकरात्मक जीवन जीने के लिए ज्यादा परिश्रम की जरूरत नहीं है। कोई विपरीत स्थितियों और परिस्थितियों के बावजूद अपने दिमाग का सही प्रयोग कर उपलब्धियां हासिल कर लेता है और कोई सारी सुविधाओं के बावजूद असफल रहता है। हर व्यक्ति को सबसे पहले सुनने की आदत डालनी चाहिए। जो व्यक्ति सुनता कम है और बोलता ज्यादा है, वह आगे बढ़ने के तमाम अवसरों से चूक जाता है। जब व्यक्ति विद्वानों, श्रेष्ठजनों और गुरु की बात सुनते हैं तो शब्द रूपी ब्रह्म कानों से प्रवेश कर मस्तिष्क में रासायनिक परिवर्तन करते हैं। मस्तिष्क में अच्छी-अच्छी बातें आती हैं। वहीं खराब और बुरी बातें सुनने के बाद प्रायः झगड़े-फसाद हो जाते हैं। घर से दूर गए व्यक्ति को सीधे बुरी खबर नहीं दी जाती। यह है शब्दों का प्रभाव। प्रेम की शुरूआत भी शब्द से और युद्ध की भी शुरूआत शब्द से ही होती है। हमारे ऋषियों ने इसीलिए आध्यात्मिक ग्रंथों में जीवन की हर जरूरतों को पूरा करने के लिए अच्छे विचारों को अच्छे शब्दों के माध्यम से व्यक्त किया है। प्राचीन काल में गुरुकुल में श्रुतिज्ञान की व्यवस्था ही रही। सुनने के बाद जिज्ञासाएं बढ़ती हैं तो अध्ययन की स्वतः इच्छा जाग्रत होती हैं। जिसके पास जितना गहरा ज्ञान, उसकी उतनी महत्ता। ज्ञान से चिंतन-मनन का भाव पैदा होता है। जेम्स वाट ने भाप की आवाज को पहचाना कि भाप में शक्ति है तो न्यूटन ने सेब के गिरने की आवाज सुन ली और गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत प्रतिपादित किया। बड़े-बड़े भौतिक विज्ञान के प्रोजेक्ट क्यों न हों, उनमें डिजाइन और प्लानिंग की जाती है। फिर उसके हिसाब से धन की व्यवस्था की जाती है। फिर उस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होता है। उसी प्रकार जीवन में सबसे पहले मन की आवाज जरूर सुननी चाहिए। प्रथम स्तर पर मन ही बहुत कुछ बता देता है। गलत काम को तो जरूर बताता है। आसपास की घटनाओं, माता-पिता, गुरु आदि की बातों को गहराई से सुनकर जब कोई कदम उठाएंगे तो वह बेहतर होगा। अदालतों में न्यायाधीश दोनों पक्ष की बात बड़े ध्यान से सुनकर निर्णय देता है। इसलिए हर व्यक्ति खुद अपने जीवन का न्यायाधीश बने। अच्छा है कि अपने विवेक का खुद इस्तेमाल किया जाए तो बेहतर होगा।

## संपादकीय

# पहलगाम हमले पर सरकार की अग्निपरीक्षा

इतने बड़े हमले के बावजूद दूतावास में कर्मचारियों की संख्या में कटौती, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा पर पाबंदी, सिंधु जल संधि के क्रियान्वयन को निलंबित करने और अब भारतीय वायुक्षेत्र से पाकिस्तानी विमानों की उड़ान पर पाबंदी जैसे कदम उठाने के बावजूद भारत ने आमतौर पर धैर्य का ही परिचय दिया है। इसमें कोई दोराय नहीं कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से कई मोर्चों पर ठोस कार्रवाई की घोषणाएं हुईं। लेकिन इस तरह के कड़े संदेश देने के संकेतों के बावजूद इस दिशा में कोई स्पष्टता नहीं दिख रही है। पहलगाम में आतंकियों की अंधाधुंध गोलीबारी में छब्बीस लोगों की मौत के जैसे ब्योरे सामने आए, उससे स्वाभाविक ही समूचे देश में व्यापक स्तर पर क्षोभ और गुस्से का वातावरण बना हुआ है, लोग बेहद सदमे में हैं। हालांकि सरकार ने तीनों सेनाध्यक्षों के साथ बैठक कर और उन्हें खुली छूट देने की बात करके सभी तरफ यह संदेश देने की कोशिश की है कि इस बार वह आतंकवादियों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेगी। मगर देश भर में लोगों की यह अपेक्षा और मांग है कि सरकार उच्चस्तरीय बैठकें करने के समांतर आतंकियों के साथ-साथ उन्हें संचालित करने वाली शक्तियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की घोषणाओं से आगे बढ़कर बिल्कुल स्पष्ट कदम उठाती दिखे। इस लिहाज से देखें तो सरकार आतंकियों को लक्षित करते हुए और पाकिस्तान को भी जिम्मेदार ठहराते हुए जो कार्रवाई कर रही है, उससे निश्चित रूप से एक संदेश जा रहा है, लेकिन पहलगाम हमले की प्रकृति को देखते हुए इस मसले पर एक व्यापक स्पष्टता वक्त का तकाजा है। यों इतने बड़े हमले के बावजूद दूतावास में कर्मचारियों की संख्या में कटौती, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा पर पाबंदी, सिंधु जल संधि के क्रियान्वयन को निलंबित करने और अब भारतीय वायुक्षेत्र से पाकिस्तानी विमानों की उड़ान पर पाबंदी जैसे कदम उठाने के बावजूद भारत ने आमतौर पर धैर्य का ही परिचय दिया है। हैरानी की बात यह है कि खुद को कठघरे में देखने के बाद पाकिस्तान अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय उल्टे सीमा पर बिना किसी वजह बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन और नाहक ही छिटपुट गोलीबारी कर रहा है। यह एक तरह से भारत को उकसाने की कार्रवाई है। हालांकि इसके बाद भी भारत अभी कोई सीधी कार्रवाई करने को लेकर सावधानी बरत रहा है। सवाल है कि आखिर पाकिस्तान को सीमा पर इस तरह की हरकत करने की जरूरत क्यों महसूस हो रही है। क्या यह अपने ऊपर लगने वाले आरोपों के बाद बचाव के लिए आक्रामकता का प्रदर्शन नहीं है, ताकि दुनिया का ध्यान आतंकवाद को पालने में उसकी असली भूमिका से भटक सके? यह जगजाहिर हकीकत है कि कई आतंकवादी संगठन भारत में अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए पाकिस्तान स्थित ठिकानों का इस्तेमाल करते हैं। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# जाति की जटिलताएं

राजनीतिक मामलों की केंद्रीय कैबिनेट कमेटी ने बुधवार को अगली जनगणना में जाति की गणना को शामिल करने का निर्णय लिया। आजादी के बाद यह पहला मौका होगा जब जनगणना के दौरान जाति के आंकड़े संग्रहीत किए जाएंगे। हालांकि अनुसूचित जाति और जनजाति के आंकड़े दर्ज किए जाते हैं लेकिन व्यापक स्तर पर जातिगत आंकड़े इससे पहले 1931 की जनगणना में एकत्रित किए गए थे। इस घोषणा को दोनों प्रमुख दलों का समर्थन मिला है जो बताता है कि जाति जनगणना की राह में कोई मुश्किल नहीं है। वास्तव में 2024 के लोकसभा चुनावों में जाति जनगणना कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सबसे प्रमुख चुनावी वादों में से एक था। चूंकि सरकार ने अगली जनगणना में जाति को दर्ज करने का निर्णय ले लिया है इसलिए अब इसके परिणामों पर चर्चा करना भी आवश्यक है। हालांकि, उससे पहले यह ध्यान देना आवश्यक है कि जल्द से जल्द जनगणना करना भी आवश्यक है। कोविड- 19 महामारी के कारण 2020 में होने वाली दशकीय जनगणना को टाल दिया गया था लेकिन यह समझना मुश्किल है कि हालात सामान्य होने के बाद भी सरकार उसे क्यों टालती जा रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के मुताबिक 2011 में जब भारत में पिछली जनगणना हुई थी तब हमारी अर्थव्यवस्था का आकार 1.8 लाख करोड़ डॉलर था। यह संभव है कि जिस समय तक अगली जनगणना पूरी होगी या उसके परिणाम आने शुरू होंगे तब तक भारत पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुका होगा। यह एकदम अलग देश होगा। ऐसे में यह अहम है कि जनगणना नियमित हो। यही नहीं, जाति को शामिल करने की अतिरिक्त आवश्यकता को देखते हुए इसमें और देरी हो सकती है। ऐसे में यह भी संभव है कि अब जनगणना शायद 2026 के बाद ही हो सके और संविधान के मुताबिक संसदीय सीटों के नए परिसीमन का आधार बने। ऐसे में इसके परिणाम देश में सामाजिक विभाजन को बढ़ाने वाले साबित हो सकते हैं और उनका बहुत सर्तकता के साथ प्रबंधन करना होगा। दक्षिण भारत राज्यों ने भी नियमित रूप से यह चिंता जताई है कि लोक सभा में उनकी हिस्सेदारी कम की जा सकती है। यह संभव है कि कुछ राजनीतिक दल विधायिका में भी जाति आधारित आरक्षण की मांग करें। एक स्तर पर जातीय आंकड़े संग्रहीत करना तथा अन्य सामाजिक-आर्थिक आंकड़े हासिल करना उपयोगी हो सकता है क्योंकि यह नीति निर्माण में मददगार होगा। बहरहाल, जोखिम यह है कि जाति के आंकड़ों का इस्तेमाल राजनीतिक कारणों से भी किया जा सकता है। हालांकि यह तो अभी भी हो रहा है। ताजा आंकड़े इस खाई को और बढ़ा सकते हैं। कम तादाद वाले जातीय समूहों को हाशिए पर धकेला जा सकता है। जाति जनगणना के अन्य संभावित परिणामों में अधिक आरक्षण की मांग भी शामिल है। वास्तव में इसकी शुरूआत हो भी चुकी है। लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सुझाव दिया है कि आरक्षण पर सीमा समाप्त की जानी चाहिए और निजी शैक्षणिक संस्थानों में भी कोटा लागू किया जाना चाहिए। व्यापक स्तर पर देखें तो 2025 में जाति जनगणना का इतना महत्त्वपूर्ण होना बताता है कि हम अभी तक कुछ बुनियादी चीजों को दुरुस्त करने में विफल रहे हैं। कई समूहों के लिए जाति जनगणना और आरक्षण में हिस्सेदारी आगे बढ़ने की एक उम्मीद है।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन से...



उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज ने कहा कि किसी अच्छे इंसान से कोई गलती हो जाये तो सहन कर लो.. क्योंकि सोना यदि कीचड़ में गिर जाये तो उसकी कीमत कम नहीं हो जाती..! कभी-कभी थोड़ा सहन करना भी चाहिए। दुनिया का हर पुरुष अपनी पत्नी में सीता सावित्रि जैसी सुशील और मृदुभाषी रूप चाहता है। पर क्या तुमने कभी यह भी सोचा है इसके लिए तुम्हें भी राम जैसा होना पड़ेगा- ? राम राज्य की मर्यादाओं को जीना पड़ेगा- ? सीता जैसी पतिव्रता पत्नी चाहिए तो राम जैसा आदर्श प्रस्तुत करना पड़ेगा।भारतीय संस्कृति में पत्नी महज वासना पूर्ति का साधन नहीं होती है। प्रसाधन अपितु वह अपने पत्नी जीवन जंग के साथ धर्मपत्नी का दायित्व भी निर्भवाझ करती है, वह तुम्हें धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है, इस मायने में पत्नी तुम्हारी मार्गदर्शक भी है। अतः तुम्हें अपनी पत्नी की भावनाओं को समझना चाहिए तथा उनका आदर करना चाहिए, देवी स्वरूप है।जब पति परमेश्वर हो सकता है..तो पत्नी देवी स्वरूप क्यों नहीं हो सकती है...? **-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# भगवान अभिनंदन नाथ जी के जयकारों से गूंजा मानसरोवर



**जयपुर. शाबाश इंडिया**


श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर जयपुर में श्री दिगंबर जैन समाज समिति वरुण पथ मानसरोवर द्वारा श्री श्री 1008 भगवान अभिनंदन नाथ जी के मोक्ष कल्याण के पावन अवसर पर निर्माण लाडू अर्पित किया गया। प्रचार संयोजक विनेश सोगानी ने बताया कि इस अवसर पर मूलनायक भगवान जी की प्रतिमा के अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य पवन जैन केकड़ी वालों को प्राप्त हुआ। इसके पश्चात भगवान अभिनंदन नाथ जी के मोक्ष कल्याण के पावन अवसर पर निर्वाण लाडू पूर्ण विधि विधान एवं मंत्रोचार से अर्पित किया गया। निर्वाण लाडू के पुण्यार्जक चंदा देवी, महेंद्र कासलीवाल,सुरेंद्र सोनल जैन, ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में ज्ञान बिलाला, विनेश सोगानी, संतोष कासलीवाल, अरविन्द गंगवाल,विनोद छाबड़ा, दया चंद जैन, सुरेन्द्र जैन, अनील जैन, दिनेश जैन,जैनेंद्र पाटनी, चंदा देवी,कांता देवी बड़जात्या, मुन्ना देवी, भंवरी देवी काला, अंजू जैन आशा सेठी, निधी लुहाड़िया, उषा झाझरी, निर्मला पाटनी सहित अनेकों साधर्मी बंधु उपस्थित रहे।

# तीर्थंकर अभिनंदन नाथ भगवान का मनाया गया गर्भ व मोक्ष कल्याणक



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में शुक्रवार को तीर्थंकर श्री 1008 अभिनंदन नाथ के मोक्ष कल्याण पर श्रावकों द्वारा निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दननाथ को अभिनन्दन स्वामी के नाम से भी जाना जाता है। अभिनन्दन नाथ स्वामी का जन्म इक्ष्वाकुवंशी क्षत्रिय परिवार में माघ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को हुआ था। अयोध्या में जन्मे अभिनन्दन नाथ जी की माता सिद्धार्था देवी और पिता राजा संवर थे। इनका वर्ण सुवर्ण और चिह्न बंदर था। इनके यक्ष का नाम यक्षेश्वर और यक्षिणी का नाम व्रजशृंखला था। जल्द ही उनका सांसारिक जीवन से मोह भंग हो गया। इनका निर्वाण शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर पर हुआ था। मन्दिर जी में प्रातः अभिषेक वृहत शान्तिधारा व पूजन के बाद गर्भ कल्याण का अर्घ्य बोल कर निर्वाण काण्ड का वाचन किया गया तथा इसके बाद भगवान के श्री चरणों में अपने समस्त दुखों की निर्वृत्ति हेतु अर्थात निर्वाण की भावना के साथ मोक्ष कल्याण का अर्घ बोलते हुए श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया।



॥ श्री मुनिसुव्रतनाथाय नमः ॥
॥ श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः ॥
श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर
26, शिव वाटिका, माँग्यावास, मानसरोवर, जयपुर
श्रीमद् जिनेन्द्र
जिनबिम्ब वेदी प्रतिष्ठा
श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ भगवान
कार्यक्रम स्थल
चौपड़ा पैराडाईज, माँग्यावास, मानसरोवर, जयपुर
भव्य रथयात्रा, जाप्यानुष्ठान एवं विश्व शांति महानुष्ठान
शुक्रवार, 2 मई से रविवार, 4 मई 2025
प्रतिष्ठाचार्य
वास्तु विद
वात्सल्य आमंत्रण
धर्मानुरागी बन्धुवर,
सादर जयजिनेन्द्र !
जयपुर-मानसरोवर की एकदम भव्य कॉलोनी-मांग्यावास में वृहद श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सुस्थापित है। जहाँ नव निर्मित 4 वेदियों की प्रतिष्ठा समारोह विधि विधानपूर्वक प्रतिष्ठाचार्य पं. श्री विमल कुमार जी जैन बनेठा, जयपुर के निर्देशन में सम्पादित की जा रही है।
अतः आपसे अनुरोध है कि प्रभावनापूर्वक आयोजित होने वाले इस समारोह में सभी जन अवश्य पधारें।
सभी आगन्तुक महानुभावों व सम्भागियों के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी।
अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी, अर्हं ध्यान योगप्रणेता,
मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज
पं. श्री विमल कुमार जी बनेठा जयपुर
श्रमणी गणिनी आर्यिकारत्न 105 गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी
समारोह की क्षणिकायें
शुक्रवार, 2 मई 2025
प्रातः 6.15 बजे - जिनेन्द्र अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा, आचार्य निमंत्रण
प्रातः 7.15 बजे - ध्वजारोहण (मंदिर में)
प्रातः 8.00 बजे - भव्य रथयात्रा, मंगल घटयात्रा (मंदिर जी से विधान मंडप तक)
प्रातः 9.15 बजे - ध्वजारोहण (विधान मंडप पर) मंडप शुद्धि, मंडप उद्घाटन चित्र अनावरण, मंगल कलश स्थापना, दीप प्रज्ज्वलन आदि
प्रातः 10.00 बजे - वेदी शुद्धि-संस्कार, वास्तु विधि जाप्यानुष्ठान (मंदिरजी में)
मध्याह्न 1.00 बजे - सकलीकरण, इन्द्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा एवं वासुपूज्य विधान पूजन
सायं 7.15 बजे - आरती, शास्त्र सभा
सायं 8.15 बजे - सांस्कृतिक कार्यक्रम- इन्द्र दरबार, प्रश्नोत्तर-तत्त्वचर्चा आदि
शनिवार, 3 मई 2025
प्रातः 6.15 बजे - जिनाभिषेक-शांतिधारा, जाप्यानुष्ठान, नित्यमह पूजन
मध्याह्न 1.15 बजे - यागमंडल विधान पूजन
सायं 7.15 बजे - आरती-शास्त्र सभा
सायं 8.15 बजे - सांस्कृतिक कार्यक्रम- इन्द्र दरबार
रविवार, 4 मई 2025
प्रातः 6.15 बजे से - जिनाभिषेक-शांतिधारा, सभी जिन बिम्बों का मस्तकाभिषेक, नित्यमह व विनायक यंत्र पूजन, जाप्यानुष्ठान का समापन, विश्व शांति यज्ञ (हवन शांति), आभार प्रदर्शन एवं नवीन वेदियों में जिन बिम्ब विराजमान
संगीतकार
श्री पुखराज एण्ड पार्टी, कोटा
कलाकार
सुभाष एण्ड पार्टी, महुआ (दौसा)
सौधर्म इन्द्र
धनपति कुबेर
महायज्ञनायक
ईशान इन्द्र
सानत इन्द्र
माहेन्द्र इन्द्र
ब्रह्म इन्द्र
ब्रह्मोत्तर इन्द्र
लान्तव इन्द्र
कापिष्ठ इन्द्र
शुक्र इन्द्र
महाशुक्र इन्द्र
विशिष्ट अतिथि
ध्वजारोहणकर्ता
वेदी एवं मूर्ति पुण्यार्जक
चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्ज्वलनकर्ता
मंडप उद्घाटनकर्ता
मूर्ति पुण्यार्जक
अष्ट कुमारियाँ
श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर प्रबन्ध समिति - 26, शिव वाटिका, माँग्यावास, मानसरोवर, जयपुर
प्रकाशचन्द जैन अध्यक्ष 9829058946
सुधीर कुमार जैन उपाध्यक्ष 9414034008
प्रदीप कुमार जैन कोषाध्यक्ष 9653789711
नीरज कुमार जैन मंदिर व्यवस्थापक 9351409490
विमल कुमार जैन सहमंत्री 9829471395
महेश दोशी सांस्कृतिक मंत्री 9672042670
संजय जैन संगठन मंत्री 8209983479
दिनेश कुमार गंगवाल मंत्री 9829082283
कार्यकारिणी सदस्यगण
श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन महिला मण्डल
26, शिव वाटिका, माँग्यावास, मानसरोवर, जयपुर
निवेदक-सकल दिगम्बर जैन समाज, माँग्यावास
नोट : कार्यक्रम में पधारे सभी साधर्मी बन्धुओं के लिए भोजन की व्यवस्था रखी गई है।



# तीर्थंकर अभिनंदन नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया

**किशनगढ़ रेनवाल. शाबाश इंडिया।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में 105 आर्यिका श्री नंदीश्वरमती माताजी के सानिध्य में तीर्थंकर अभिनंदन नाथ भगवान का मोक्ष कल्याण मनाया गया। प्रातः अभिषेक एवं शांति धारा की गई। निर्वाण कांड बोलकर मोक्ष कल्याण का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। निर्वाण लाडू कैलाश चंद्र गंगवाल, निलेश बड़जात्या, संतोष देवी ठोलिया द्वारा चढ़ाया गया । आर्यिका माताजी ने अभिषेक करने वालों को भगवान का गंदोधक प्रदान कर आशीर्वाद दिया।आर्यिका श्री नंदीश्वरमती माताजी की आज की आहार चर्या विनोद कुमार मीरा देवी गंगवाल के निवास स्थान पर संपन्न हुई। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष सुनील छाबड़ा गुण सागर ठोलिया, ललित पाटनी, हितेश ठोलिया, अमरेश पहाड़िया, संजय पांड्या, डिंपल बड़जात्या, माया पहाड़िया सपना पाटौदी, मेघा पाटनी सुमन छाबड़ा, मैना विनायक्या संतोष विनायक्या आदि उपस्थित थे।




# एक्शन अनलिमिटेड-युवा दृष्टिकोण से

## मंगलायतन विश्वविद्यालय में 'दक्ष-2025' के तहत शानदार फोटोग्राफी प्रतियोगिता



**अलीगढ़. शाबाश इंडिया।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में ''दक्ष-2025'' शैक्षणिक उत्सव के अंतर्गत ''एक्शन अनलिमिटेड-युवा दृष्टिकोण से'' विषय पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का थीम **"Action in Motion"** रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने खेल, नृत्य, वन्य जीवन, साहसिक गतिविधियों एवं विश्वविद्यालय परिसर के गतिशील दृश्यों (जैसे प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, कक्षाएं, जिम, हॉस्टल, मेस, फार्मिंग, रेडियो नारद, अस्पताल, जैन मंदिर, कीर्ति स्तंभ आदि) को अपने कैमरे में जीवंत रूप में कैद किया। फैकल्टी संयोजक मनीषा उपाध्याय एवं मयंक जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मूल्यांकन सह-प्राध्यापक डॉ. शोभित कुमार सिंह राजपूत, डॉ. लुबना अंसारी, श्रेष्ठ उपाध्याय द्वारा किया गया। ''दक्ष-2025'' विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक, सृजनात्मक और प्रस्तुतीकरण क्षमताओं को उजागर करने का सशक्त मंच प्रदान कर रहा है।



# बेगस जैन मंदिर का वार्षिक मेला कल



जयपुर. शाबाश इंडिया

जयपुर शहर के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में स्थित अतिशयकारी देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, बेगस का 14वां वार्षिक मेला विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ रविवार को आयोजित होगा। कार्यकारिणी सदस्य जयकुमार जैन-बड़जात्या ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष पूनम चन्द ठोलिया एवं महामंत्री सुरेश छाबड़ा की मौजूदगी में सुमनलत्ता जैन,प्रदीप-खुशबू जैन सिनोदिया वाले ध्वजारोहण करेंगे और शांतिनाथ विधान मण्डल पूजन के सौधर्म इन्द्र चेतन कुमार- रेखा छाबड़ा रहेंगे। बड़जात्या ने बेगस मंदिर की महिमा बताते हुए कहा कि 466 वर्ष से अधिक प्राचीन यह मंदिर ऐतिहासिक धरोहर है जिसकी सार-संभाल करने में पूरा जयपुर जैन समाज जुटा हुआ है।उन्होंने अवगत कराया कि वार्षिक मेले के मुख्य अतिथि तारामणि जैन, अक्षय-रीना एवं स्पर्श मोदी होंगे तथा दीप प्रज्वलन राकेश कुमार-शिल्पा मोदी परिवार करेंगे। मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष पूनम चन्द ठोलिया ने बताया कि इस पावन अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री लालचन्द कटारिया की गौरवमयी उपस्थिति भी रहेगी। विशिष्ट अतिथि अजय कुमार-निधि बड़जात्या परिवार, लालसोट वाले एवं गौरवमयी अतिथि जेके जैन-कालाडेरा होंगे। कार्यकारिणी सदस्य जयकुमार जैन-बड़जात्या ने बताया कि अभिषेक, शांति धारा एवं विधान पूजन का कार्यक्रम विधानाचार्य पंडित प्रद्युम्न कुमार शास्त्री के निर्देशन में संपन्न होगा। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि मंदिर के वार्षिकोत्सव में जैन गौरव, वास्तुविज्ञ राजकुमार कोठारी, मुनि भक्त राजकुमार सेठी, राजस्थान जैन सभा के मंत्री मनीष बैद, सदस्य अनिल छाबड़ा, कमल बाबू जैन एवं राखी जैन सहित सैकड़ों जैन धर्मावलंबी अतिशयकारी, नूतन स्वरूप जिन मंदिर में दर्शन एवं पूजन करेंगे। पूजन सामग्री का पुण्यार्जक श्रीमती चंद्रकान्ता एवं मंजू बड़जात्या, रेनवाल मांजी परिवार है। ज्ञातव्य है कि हर वर्ष की भांति इस बार भी जयपुर शहर के विभिन्न जैन मंदिरों से श्रद्धालुओं के आने के लिए बसों की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। वार्षिक मेले के अवसर पर अभिषेक, शांति धारा और संगीतमय शांतिनाथ विधान मंडल पूजन सहित भक्ति रस की गंगा बहेगी। इस अवसर पर वात्सल्य सहभोज की भी व्यवस्था मंदिर कमेटी की ओर से की गई है।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**

shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com


# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध समिति महात्मा गांधी नगर डी सी एम अजमेर रोड जयपुर के चुनाव सम्पन्न

## प्रकाश चंद जैन अजमेरा अध्यक्ष, अनिल जैन मंत्री निर्वाचित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध समिति महात्मा गांधी नगर डी सी एम अजमेर रोड जयपुर के कार्यकारिणी के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी रमेश चंद जैन, पवन कुमार जैन पांड्या ने बताया कि प्रकाश चंद जैन अजमेरा अध्यक्ष, सुनील कुमार जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रमेश कुमार जैन उपाध्यक्ष, अनिल जैन मंत्री, संजीव कोठारी जैन संयुक्त मंत्री, नितिन कुमार जैन सांस्कृतिक मंत्री, अमित जैन कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य सुनील शाह, महेंद्र कुमार जैन, धर्म चंद जैन, विजय कुमार अग्रवाल, पंकज कुमार जैन, सुधीर जैन, श्रीमती बीना जैन, श्रीमती समता जैन निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।


पुण्यतिथि 03 मई

हार्दिक श्रद्धांजलि



स्व. श्री सुजानमल जी जैन (गोधा)

06.10.1928 - 03.05.2020

पूज्य पिताजी की स्मृति में श्रद्धा सुमन

अश्विनी-मधु (पुत्र-पुत्रवधू)
अंशुल-पूर्वा, रोहन-सलोनी (पौत्र-पौत्रवधू)
रुचिर और अद्विक (पड़पौत्र)

नेमी सागर कॉलोनी, जयपुर

# ‘जीव दया’ नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रत्नत्रय महिला जागृति संघ ने जीव जंतुओं के प्रति अपनी गहरी करुणा का परिचय देते हुए ‘‘जीव दया’’ नामक एक विशेष कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्थानीय जानवरों के चिकित्सकीय केंद्र ‘‘हेल्प इन सफरिंग’’ में संपन्न हुआ, जहां वर्तमान में 545 बेसहारा जानवरों की देखभाल की जा रही है। संघ ने इस अवसर पर उन दुर्भाग्यपूर्ण जानवरों की दयनीय स्थिति पर प्रकाश डाला, जिन्हें उनके मालिकों द्वारा उपयोग के पश्चात या लाइलाज बीमारी की स्थिति में लावारिस छोड़ दिया जाता है। श्हेल्प इन सफरिंगश ऐसे ही असहाय जीवों को आश्रय और चिकित्सा सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रत्नत्रय महिला जागृति समिति ने इस मानवीय पहल के तहत इन बेजुबान प्राणियों के लिए शाकाहारी आवश्यक खाद्य सामग्री, जिसमें गीला व सूखा चारा, फल, सब्जियां, अनाज, दालें और बिस्किट शामिल थे, प्रदान किए। साथ ही, गर्मी से राहत दिलाने के लिए ग्रीन नेट और कूलर जैसी वस्तुएं भी भेंट की गईं। जानवरों के बिछावन के लिए जूट की बोरियां भी दान की गईं। रत्नत्रय महिला जागृति समिति की सह-संस्थापिकाओं श्रीमती शालू बाकलीवाल, प्रियंका पाटनी, सरिता जैन, पूनम सेठी, एवम रेखा पाटनी ने इस नेक कार्य में उदारतापूर्वक सहयोग करने वाले जैन समुदाय की महिलाओं और सभी दानदाताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। समिति ने विशेष रूप से विनोद पाटनी, अरविंद जैन और विकास जैन के महत्वपूर्ण सहयोग की सराहना की। इसके अतिरिक्त, श्रीमती आकांक्षा जी, श्वेता , रानी , ममता , रिंकू , बिना , आशा एवं योगित की सक्रिय सहभागिता के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया। रत्नत्रय महिला जागृति संघ भविष्य में भी इस प्रकार के परोपकारी कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए संकल्पित है।

## तीर्थंकर अभिनंदन नाथ भगवान का मनाया केवल गर्भ कल्याणक दिवस एवं मोक्ष कल्याणक हर्षोल्लास पूर्वक



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया तथा लदाना सहित कस्बे के जिनालयों मे जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर अभिनंदन नाथ भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव एवं मोक्ष कल्याणक हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया, कार्यक्रम में कस्बे के मुनि सुव्रतनाथ जिनालय में प्रातः श्री जी का अभिषेक करने के बाद समाज की तरफ से सामूहिक शांतिधारा कर अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना कर मुनि सुव्रतनाथ भगवान, पार्श्वनाथ भगवान, पुष्पदंत भगवान, सहित विभिन्न तीर्थंकरों के अर्घ्य अर्पित किए कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कार्यक्रम में आचार्य इन्द्रनंदीमहाराज,वर्धमान सागर महाराज,आर्यिका आर्यिका विशुद्ध मति माताजी, आर्यिका श्रुतमति माताजी, सुबोध मति माताजी,समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर सागर महाराज, गुणसागर महाराज एवं जिनवाणी माता केअर्घ्य अर्पित करने के बाद जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर देवाधिदेव अभिनंदननाथ भगवान गर्भ कल्याणक का अर्घ्य अर्पित करने के बाद जयकारों के साथ सामूहिक रूप से मोक्ष कल्याणक का लाडू चढ़ाकर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई, कार्यक्रम में महिला मंडल की कमला कासलीवाल तथा मंजू झंडा ने बताया कि अभिनंदन भगवान जैन धर्म के चौथे तीर्थंकरथे उन्होंने इक्ष्वाकु वंश के राजा संवर और रानी सिद्धार्थ के घर अयोध्या में जन्म लिया था, उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने के लिए अनेक प्रांतो और देशों में विहार किया था, उन्होने लोगों को संयम, तप, साधना का मार्ग बताया था ।कार्यक्रम में वयोवृद्ध कपूरचंद नला,मोहनलाल झंडा,भागचंद जैन टीबा ,कैलाश कासलीवाल,सोभाग मल सिंघल ,पारस चोधरी, रमेश बजाज, प्रेमचंद कठमाना, महेंद्र गोधा , महावीर बजाज, हनुमान कलवाड़ा,महावीर मोदी, सुरेश गिंदोडी, विमल कलवाड़ा,पदम टीबा, अभिषेक हांडी गांव,विजय कासलीवाल, अंकित सिंघल भाविक कासलीवाल, कमलेश चोधरी ,राजाबाबू गोधा तथा,कमलाकासलीवाल, हेमलता बजाज, शोभा झंडा,रेखा झंडा,संगीता डेठानी, मंजू झंडा, पर्युषणा झंडा, ललिता कलवाड़ा, मीनाक्षी मोदी, पिंकी मोदी एवं सुशीला झंडा सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मौजूद थे।

## लीनेस ब्लू डायमंड क्लब ने घर-घर बांटे पक्षियों के लिए परिंडे







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लीनेश ब्लू डायमंड क्लब की ओर से सेवा कार्य के अंतर्गत भीषण गर्मी से पक्षियों को राहत देने के लिए आज घर घर परिंडे वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। ब्लू डायमंड क्लब की अध्यक्ष शकुन्तला ने बताया कि आज महारानी फार्म पर क्लब के सदस्यों ने बेजुबान पंछियों के दाना-पानी लिए घर-घर परिंडे बांटे। सभी को बेजुबान पंछियों के लिए दाना पानी रखने का संकल्प दिलाया। अभियान में सरिता विजयवर्गीय, निर्मला विजयवर्गीय, मीना अग्रवाल, मृदुला मंगल, सरोज जैन, आशा विजयवर्गीय व प्रमिला अरोरा इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे।

# गायत्री नगर में भगवान अभिनंदन नाथ जी का मोक्ष कल्याणक मनाया





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनंदन नाथ जी का मोक्ष कल्याणक वैशाख शुक्ला छठ 2 मई 2025 को प्रातः 7:30 बजे दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर ,महारानी फार्म जयपुर में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया कि मोक्ष कल्याण के अवसर पर प्रातः प्रथम अभिषेक व शांति धारा करने का सौभाग्य आलोक-प्रमिला शाह, अरुण -ज्योति शाह, अर्चित -स्नेहा, विरल शाह परिवार को प्राप्त हुआ। शांति धारा के पश्चात मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में भक्ति भाव से सामूहिक निर्वाण लाडू शाह परिवार ने चढ़ाया। समस्त मांगलिक क्रियाएं विधानाचार्य पं. अजीत शास्त्री द्वारा कराई गई। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, मंत्री राजेश बोहरा, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा, सन्तोष गंगवाल, विजय सोगानी आदि पदाधिकारियों द्वारा पुण्यार्जक परिवार आलोक, अरुण शाह, विरल शाह का सम्मान किया गया। धर्म सभा का कुशल संचालन उपाध्यक्ष अरुण शाह ने किया। इस अवसर पर, सारसमल झांझरी , अशोक रावका, अशोक कासलीवाल फागी वाले, अशोक कासलीवाल एचपीसीएल, रूप चन्द गोदिका, कमल जैन मालपुरा वाले, एडवोकेट विमल जैन, बसन्त बाकलीवाल आदि गणमान्य महानुभाव, पुरुष -महिलाएं उपस्थित थे। अन्त में शाह परिवार द्वारा सामूहिक आरती कर समारोह का समापन हुआ।

## निवाई से 42 सदस्यों के दल ने सुमति धाम पर 400 जैन संतों के किए दर्शन

### विश्व में पहली बार सुमति धाम जैन महाकुंभ में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा, संघ संचालक विमल जौंला की अगुवाई में दल सुमति धाम पहुंचा

**निवाई. शाबाश इंडिया।** अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले सुमति धाम में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज का पट्टाचार्य पदारोहण महामहोत्सव में 400 जैन सन्तो का महाकुंभ मेला आयोजित किया गया जिसमें निवाई से 42 सदस्यों का दल जैन धर्म की प्रभावना करते हुए इस महाकुंभ में शामिल हुआ। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला ने बताया कि दिगम्बर जैन महासमिति संभाग निवाई एवं महिला अंचल के तत्वावधान में 42 सदस्यों का दल जयघोष के साथ अहिंसा भ्रमण करते हुए सुमति धाम महाकुंभ पहुंचा जहां जैन समाज के मंत्री महावीर प्रसाद पराणा महावीर इंटरनेशनल संस्था अध्यक्ष हुकमचंद जैन, ताराचंद गोयल, धर्मचंद सेदरिया, पदमचंद टोंग्या, अजीत काला, राकेश संधी, त्रिलोक रजवास, प्रेमचंद सोगानी त्रिलोक नला, संजय सोगानी, सुकुमाल जैन, नरेंद्र जैन, बाबूलाल जैन,कमल सोगानी,अक्षांत जैन सहित 42 सदस्यों के दल ने 400 जैन संतों के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। निवाई से पहुंचे संघ संचालक विमल जौंला के नेतृत्व में सुमति धाम पर जैन पुस्तकों का विमोचन भी किया गया जिसमें आचार्य से पट्टाचार्य पद पर सुशोभित विशुद्ध सागर महाराज एवं आचार्य विभव सागर महाराज द्वारा रचित ग्रंन्थों का हुकमचंद जैन की अगुवाई में विमोचन करवाया गया। अखिल भारतीय जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय जैन महाकुंभ सुमति धाम में निवाई टोंक जिले का सौभाग्य रहा है कि टोंक जिले में एक मात्र निवाई से सुमति धाम पर हो रहे 400 आहार के चोको में से एक चोके का निवाई का चयन हुआ है जिसका सोभाग्य श्रावक श्रेष्ठी जैन रत्न नवरत्न टोंग्या एवं अर्चना टोंग्या को मिला इस दौरान नवरत्न टोंग्या को श्रद्धालुओं ने बधाई संदेश दिया जहां टोंक जिले में हर्ष की लहर दौड़ गई। उन्होंने बताया कि यात्रा संघ निवाई ने अहिंसा भ्रमण के अंतर्गत तीर्थ क्षेत्र तपो भूमि, अतिशय क्षेत्र कल्याण मंदिर, सुमति धाम मंदिर, महाकालेश्वर, अतिशय क्षेत्र सुसनेर, अतिशय क्षेत्र गोम्मटगिरी सहित अनेक तीर्थ यात्रा का लाभ



## चार धाम यात्रा का पहला जत्था सीकर से रवाना



**राजकुमार शर्मा. शाबाश इंडिया**

सीकर। शुक्रवार को केदारनाथ धाम के कपाट खुलते ही भक्तो में उत्साह का संचार हो गया इस पावन अवसर पर सीकर से चार धाम की यात्रा के लिए 60 से ज्यादा महिला पुरुष और बच्चो का पहला जस्था रवाना हुआ। जो इस साल की तीर्थयात्रा के मौसम की शुरूआत है। मंदिर चरणबद्ध तरीके से खुलेंगे, जिसकी शुरूआत 30 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री से हुई, उसके बाद मई की शुरूआत में केदारनाथ और बद्रीनाथ खुलेंगे। तीर्थयात्रियों ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा को लेकर उत्साह व्यक्त किया है और यात्रा के लिए व्यवस्थाओं की प्रशंसा की है। इस बीच, भगवान केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति की मंदिर की ओर औपचारिक यात्रा शुरू होने के साथ ही पवित्र तैयारियां जारी हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को खुलें, जबकि केदारनाथ धाम के कपाट दो मई को खुलें, जबकि बद्रीनाथ धाम के कपाट चार मई को खुलेंगे। श्रद्धालु अनिल सोनी के अनुसार, चार धाम यात्रा पर जाना बहुत अच्छा अहसास है। उन्होंने यात्रा से पहले उत्साह व्यक्त किया और व्यवस्थाओं के लिए की प्रशंसा की। उन्होंने प्रेस से कहा, हम चार धाम यात्रा पर जा रहे हैं, यह बहुत अच्छा अहसास है। हम आज सीकर से यात्रा शुरू कर रहे हैं। हम सभी बहुत उत्साहित हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारी यात्रा सुरक्षित होगी। सरकार ने यहां अच्छे इंतजाम किए हैं। राज बाला सोनी ने चार धाम यात्रा में द्वारा किए गए इंतजामों पर अपनी खुशी जाहिर की। यह पहला पड़ाव है और हमें खुशी है कि हम चार धाम यात्रा पर जा रहे हैं। सभी सुविधाएं अच्छी हैं और हम बस अच्छे से दर्शन करना चाहते हैं और सुरक्षित वापस लौटना चाहते हैं। मन में बहुत अच्छी भावना है और मैं भगवान से कुछ नहीं मांगना चाहती, उन्होंने मुझे सब कुछ दिया है, बस उनके दर्शन हो जाना ही काफी है जिसमे अनिल सोनी, रामस्वरूप सोनी, सज्जन, राजेश अग्रवाल, राजेश सैनी, मिकू पारिक, अनिता सैन, इंदु खंडेलवाल, प्रियंका बियानी, राजबाला सोनी, सुमन सोनी, सुमन जांगिड़, शिवालिका, उर्वशी, कृष्णा, आदि सहित कई लोग है जो 2 मई से 14 मई तक उत्तराखंड के चार धाम यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, श्री बद्रीनाथ, देव प्रयाग, कर्ण प्रयाग, धारी देवी, गुप्तकाशी हरिद्वार, ऋषिकेश सहित कई स्थानों के दर्शन करेंगे।

# जैन मिलन सेंट्रल ने विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया भारतीय जैन मिलन का स्थापना दिवस

**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

भारतीय जैन मिलन के 60 वें स्थापना दिवस पर आज जैन मिलन सेंट्रल के वीर बंधुओं ने प्रातः बगीचा मंदिर जी मै अभिषेक शांति धारा एवं पूजन की। इसके बाद जीवदया फाउंडेशन द्वारा संचालित पशु उपचार केन्द्र गौशाला पर जाकर गायों के उपचार हेतु दवाएं प्रदान की गई एवं चिकित्सकों से पशुओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई।सायंकाल जी. के. गार्डन पर कैंची बीड़ी परिवार के सौजन्य से संचालित शीतल जल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। संस्था के स्थापना दिवस पर जैन मिलन सेंट्रल एवं महिला जैन मिलन अशोकनगर की वीरांगनाओं सहित भारी संख्या में वीर बन्धु उपस्थित रहे जिसमें





प्रमुख रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष कैची, संयुक्त मंत्री आनंद गांधी , राष्ट्रीय संयोजक प्रमोद छाया ,जैन मिलन सेंट्रल अध्यक्ष सचिन जैन बारी , मंत्री सचिन सराफ ,कार्यकारी अध्यक्ष आकाश चौधरी , महिला जैन मिलन अध्यक्ष प्रीति पाली, मंत्री आशी जैन ,दीप्ति कांसल, हर्षिता जैन, श्वेता, लक्ष्मी, नीतू, रानी, सरोज, सहित अन्य सदस्याएँ उपस्थित रही। ज्ञातव्य है कि भारतीय जैन मिलन की विधिवत स्थापना 2 मई 1966 को देहरादून मै हुई थी आज अंतरराष्ट्रीय स्वरूप लेकर 1450 शाखायों के साथ सक्रियता से समाज सेवा में विशिष्ट स्थान बना लिया है।

# कहीं आप भी कब्ज से परेशान तो नहीं?




कब्ज की शिकायत आजकल आम हो गई है। हर दूसरा व्यक्ति पेट की सफाई के लिए कोई न कोई चूर्ण, गोली या वीडियो में बताए ''घरेलू नुस्खे'' आजमा रहा है। पर क्या आपने कभी सोचा– शरीर का स्वभाव क्या है? उम्र का प्रभाव क्या है? और जो आप खा रहे हैं, उसका सिद्धांत क्या है? आयुर्वेद कहता है: वात वृद्धिः जरायां भवति। उम्र बढ़ने के साथ वात स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। और वात का मूल गुण ही है रूक्ष (सूखा), चल (चंचल), लघु (हलका)। अब इसमें आप अगर बिना विचार किये कोई विरेचक ले लें।

विशेषकर वो भी रूक्ष गुण वाला –
तो शरीर और अधिक शुष्क, और वात और भी अधिक असंतुलित हो जाएगा।

परिणाम?

जोड़ों में दर्द
सूखापन
अनिद्रा
थकान
और आगे चलकर गठिया या अन्य डिजनरेटिव रोग।

दूसरी बात–सिद्धांत।

अगर आप आयुर्वेदिक दवा ले रहे हैं, तो उसे आयुर्वेद के ही सिद्धांतों से परखिए। एलोपैथी की लैब वैल्यू, लक्षणों और तात्कालिक राहत के पैमाने से आप आयुर्वेद के उपचार को न तो समझ सकते हैं, और न ही उसका पूरा लाभ ले सकते हैं। क्योंकि आयुर्वेद 'लक्षण' नहीं, 'व्यक्ति' देखता है। 'दर्द' नहीं, 'दोष' का कारण देखता है। तो अगली बार YouTube पर देखी कोई दवा खाने से पहले अपने शरीर का प्रकृति-विकृति का विचार करें, उम्र का ध्यान रखें, और इलाज उसी पद्धति से करें, जिससे दवा आई है। दवा वही, सिद्धांत वही। नहीं तो फायदा कम, और हानि चुपचाप पनपती रहेगी।



**-डा पीयूष त्रिवेदी**
**आयुर्वेद विशेषज्ञ**
**शासन सचिवालय जयपुर ।**

# श्री प्राज्ञ जैन महिला मंडल मासिक बैठक का आयोजन




**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा । श्री प्राज्ञजैन महिला मंडल की मासिक बैठक का आयोजन दिनांक 1 मई को सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। यह बैठक नियमित रूप से प्रत्येक माह आयोजित की जाती है, जिसमें सामाजिक, स्वास्थ्य धार्मिक गतिविधियों से पूर्ण और महिला विकास से जुड़े विषयों पर ज्ञानार्जन से संबंधित चर्चा होती है। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती मधु मेडतवाल ने की तथा संचालन मंडल की मंत्री श्रीमती मधु लोढ़ा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती अंजना छाजेड़ उपस्थित रहीं, जिन्होंने स्सर्वाइकल पेन से कैसे बचाव करें? विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इस समस्या के कारण, लक्षण, घरेलू उपाय तथा आवश्यक व्यायामों के बारे में बताया, जिससे महिलाओं को व्यावहारिक लाभ मिल सके। उनकी प्रस्तुति सरल, वैज्ञानिक और प्रेरक रही, जिसे उपस्थित सभी महिलाओं ने सराहा। सभी सदस्यों ने रुचिपूर्वक भाग लिया और प्रश्नों के माध्यम से संवाद को जीवंत बनाया। कार्य अध्यक्ष मंजू पीपाड़ा ने बताया कि इस प्रकार की जागरूकता भरी बैठकें महिलाओं को न केवल जानकारी प्रदान करती हैं, बल्कि एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने का अवसर भी देती हैं। इस अवसर पर संरक्षिका सुनीता पीपाड़ा, ज्योति, पोखरणा,रेखा डांगी नीलम नाहर, लक्ष्मी देवी पोखरणा प्रीति जैन, विमला खमेसरा,सरिता चौधरी, शीतल डांगी, सीमा डागी,चंदना भंडारी, सविता बाबेल, रचना पोखरणा, नीलम सेठी, किरण सेठी, अंजू भंडारी, सहित कई बहने उपस्थित थी।









# नारी शक्ति का भव्य उत्सव – Rotary नारी बिज़ एक्सपो 2025 की शानदार शुरुआत







**जयपुर।** बी.एम. बिड़ला ऑडिटोरियम में यति ग्रुप और रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय नारी बिज़ एक्सपो 2025 का भव्य शुभारंभ आज उत्साह और उमंग के साथ हुआ।कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और फीता काटकर जयपुर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा एवं फर्स्ट इंडिया चैनल के हेड जगदीश चंद्र कातिल ने किया। विशेष अतिथियों में Rotary District Governor राखी गुप्ता, PDG अजय काला और AWWA की चेयरपर्सन श्रीमती सरिता यादव की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा को कई गुणा बढ़ा दिया।इस एक्सपो में देशभर से आई महिला



उद्यमियों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का सांसद महोदया और अतिथियों ने अवलोकन किया और उनके प्रयासों की भूरी-भूरी सराहना की।यति ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती विधि शर्मा ने बताया कि यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को समर्पित है। इसमें लाइफस्टाइल, फैशन, हेल्थ, फूड, डेकोर, एजुकेशन जैसे विविध क्षेत्रों की महिला उद्यमियों को अपने ब्रांड और सेवाएं प्रदर्शित करने का सशक्त मंच मिला है।रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ के अध्यक्ष अनिल जैन ने सभी रोटरी क्लब अध्यक्षों, सदस्यों और समाजबंधुओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महिला उद्यमिता के इस प्रेरणादायक आयोजन को अपना समर्थन दें।एक्सपो में होममेड प्रोडक्ट्स, रोचक वर्कशॉप्स, स्टेज परफॉर्मेंस, ओपन माइक, और बिज़नेस नेटवर्किंग सेशन्स जैसी अनेक गतिविधियाँ इस आयोजन को विशिष्ट बनाती हैं।MSME विभाग की असिस्टेंट डायरेक्टर श्रीमती अनिला चोरारिया ने महिला उद्यमियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।इस आयोजन का कुशल संचालन एंकर माधुरी दुर्गानी ने किया, और राज मीडिया टीवी इसका मीडिया पार्टनर रहा।यह एक्सपो केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि महिला आत्मनिर्भरता का उत्सव है, जो 4 मई तक सभी के लिए खुला रहेगा।

**– अनिल जैन, अध्यक्षरोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ**

# विशाल घट-रथ यात्रा से भव्य वैदि प्रतिष्ठा के कार्य का शुभारंभ









**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री मुनीसुवृतनाथ दिगंबर जैन मंदिर मांग्यावास में श्री जी के अभिषेक एवं शांतिधारा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मीडिया प्रभारी जिनेश कुमार जैन ने बताया कि मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रकाश चंद जैन सोगानी, मंत्री दिनेश गंगवाल एवं मंदिर प्रबंध समिति के समस्त पदाधिकारीयों ने समस्त समाज की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री जी से प्रार्थना की उसके बाद श्रीजी को रथ में विराजमान कर विशाल रथयात्रा का शुभारंभ किया। महिला मंडल की मंत्री बबीता गोधा ने बताया कि घटयात्रा में लगभग 300 महिलाएं सर पर कलश लेकर लाल साड़ी पहने रथयात्रा में शामिल हुई, श्रीजी के रथ के साथ-साथ विशाल लवाजमा में बैंड बाजा सहित एक हाथी, दो ऊंट, पांच घोड़े, बीस बगियो मैं समस्त इंद्र - इंद्राणिया विराजित होकर जुलूस में शामिल हुए , समस्त मांग्यावास और जयपुर जैन समाज के श्रद्धालु सम्मिलित होकर जुलूस में साथ-साथ चले, जुलूस दिगंबर जैन मंदिर से महारानी गार्डन , शिव सरोवर मैरिज गार्डन के सामने से होते हुए चोपड़ा पैराडाइज पहुंचा। जुलूस में अध्यक्ष प्रकाश चंद जैन सोगानी, राहुल गंगवाल एवं बहुत से जैन श्रद्धालुओं ने परिवार सहित रास्ते में श्री जी की आरती कर पुण्य लाभ लिया एवं विभिन्न जगहों पर जलपान की व्यवस्था भी श्रद्धालुओं ने करवाई। कार्यक्रम स्थल चोपड़ा पैराडाइज में प्रतिष्ठाचार्य विमल कुमार जी बनेठा वालों के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुए जिसमें मुख्य अतिथि समाज श्रैष्टि अशोक चादंवाड परिवार, राजस्थान जैन युवा महासभा से प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन लाला , उपाध्यक्ष अनिल जैन , महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा एवं संगठन मंत्री जिनेश कुमार जैन रहे। कार्यक्रम में संपूर्ण जयपुर से विशाल जन संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु मौजूद रहे।

# प्यासे पक्षियों को पानी पिलाएं, आओ इस आदत को संस्कार बनाएं





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान मे परिंडा महोत्सव का आयोजन रामबाग सर्कल स्थित सतर्कता डिस्कॉम जयपुर में किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रमोद जैन भँवर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एस पी भटनागर क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना व विशिष्ट अतिथि महेन्द्र कुमार शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजस्थान रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ विशाल गौतम , सुबोध कॉलेज ने किया। कार्यक्रम में समाजसेविका मनीषा जैन , रलड धुना राम मीणा विधुत चोरी निरोधक, जयपुर व ओम प्रकाश स्टाफ ऑफिसर पुलिस, विजिलेंस जयपुर डिस्कॉम, जयपुर आदि उपस्थित रहे। अंत में सभी ने नियमित रूप से परिन्डो में पानी डालने व साफ सफाई की देखभाल का संकल्प लिया।

## सलोनी जैन को मिली पी एच डी उपाधि



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सलोनी जैन धर्मपत्नी अरिहंत जैन को आई आई एस यूनिवर्सिटी की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई । उन्हें यह उपाधि इफेक्ट ऑफ ऑर्गेनाइजेशन सिटीजनशिप बिहेवियर ऑन ऑर्गेनाइजेशनल इफेक्टनेसः कंपेरेटिव स्टडी ऑन गवर्नमेंट एंड प्राइवेट यूनिवर्सिटीज विषय पर शोध के लिए दी गई है उन्होंने यह शोध कार्य प्रोफेसर टी एन माथुर और डॉक्टर सीमा सिंह राठौर के निर्देशन में पूरा किया। उल्लेखनीय हैं कि सलोनी जैन प्रमुख समाज सेवी तथा शहर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष संजय - प्रीति जैन की सुपुत्री है।

# मुख्यमंत्री ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में राजस्थान के चयनित अभ्यर्थियों का किया सम्मान



**जयपुर. कासं**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में राजस्थान के चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान कर बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया है कि वे सभीअमृत काल के योद्धा के रूप मेंप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में अपना योगदान देंगे तथा उत्कृष्ट लोक सेवा के माध्यम से हमेशा राजस्थान का नाम देशभर में रोशन करेंगे। शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सम्मान समारोह कोसंबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने पिछले वर्ष से चयनित प्रतिभाओं के सम्मान की पहल की है। देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माने जाने वाली यह परीक्षा पास करके प्रदेश के युवाओं ने अपने माता-पिता के साथ ही क्षेत्र और पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा किइस सफलता के बाद जीवन में बेहतर कार्य करते हुए परिजनों की खुशी के भाव को जीवन में आगे भी बनाएं रखें।

### लोक सेवा के जरिए देशभर में बढ़ाएं प्रदेश का गौरव

शर्मा ने कहा कि लोक सेवक प्रशासन के कर्णधार हैं तथा लोक सेवा का महत्व हमारे समाज और राष्ट्र के लिए असीमित है।इसलिए लोक सेवकों का नवाचारी होना महत्वपूर्ण है, ताकि आम लोगों को बेहतर नागरिक-केंद्रित सेवाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने आह्वान किया किहमारे प्रदेश की मिट्टी ने हमेशा से वीरों, विद्वानों और कर्मठ लोगों को जन्म दिया है और अब वे सभी भी अपनी सेवा के माध्यम से गौरवमयी मिट्टी की खुशबू को फैलाएं औरकर्मभूमि के साथ ही जन्मभूमि से जुड़े रहे। समारोह में मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सिविल सेवा में चयनित प्रतिभाओं के सम्मान की इस पहल से प्रदेश के होनहारों को प्रेरणा मिल रही है। उन्होंने कहा कि लोकसेवक के रूप में देश और समाज की सेवा का सौभाग्य चुनिंदा लोगों को ही मिल पाता है। महानिदेशक पुलिस ने कहा कि अपने सेवाकाल में हमेशा गरीब कल्याण को प्राथमिकता दें और अपनी सफलता में माता-पिता और परिजनों के योगदान को कभी नहीं भूले। समारोह में जयपुर निवासी दृष्टिबाधित मनु गर्ग ने मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए बताया कि उन्होंने दृष्टिबाधित होने के बावजूद सिविल सेवा परीक्षा में देशभर में 91वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने अपनी इस सफलता का मूल मंत्र अपनी माताजी के संकल्प को बताया। वहीं देशभर में 20वां स्थान हासिल करने वाले जोधपुर निवासी त्रिलोक सिंह ने बताया कि लोक सेवक के रूप में वे भारतीय सेना में सेवा दे चुके अपने पिता द्वारा दी गई प्रेरणा को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने चयनित प्रतिभाओं को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

# भारतीय जैन मिलन महिला वर्धमान शाखा ने धूमधाम से मनाया 59वां स्थापना दिवस

**अंबाह/मुरैना. शाबाश इंडिया**



भारतीय जैन मिलन महिला वर्धमान शाखा ने 2 मई को अपने 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर संस्कृत महाविद्यालय में मुरैना में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन में बच्चों के बीच जूस वितरण, आइसक्रीम वितरण और पक्षियों के लिए सकोरे वितरण जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं, जो समाज में जीवदया और बाल कल्याण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत कन्या पूजन से हुई, जिसमें बालिकाओं को देवी के रूप में पूजा गया और उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया गया। जैन मिलन महिला मुरैना शाखा की क्षेत्रीय चेयरमैन वीरांगना बबीता जैन के जन्मदिन के अवसर पर सभी बच्चों और विद्यालय स्टाफ को आइसक्रीम वितरित की गई साथ ही सभी उपस्थित लोगों को जीवदया कार्यक्रम के तहत पक्षियों के लिए सकोरे वितरित किए गए, जिसमें मंत्री कल्पना जैन ने सभी को बताया कि सकोरों में नित्य नियम से रोज पानी भरना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सभी पूर्व अध्यक्षों का सम्मान भी किया गया, जिससे संस्था के प्रति उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पदाधिकारी सहकोषाध्यक्ष वीरांगना सरिता जैन, चेयरमैन वीरांगना बबीता जैन, संयोजिका लीना जैन, जैन मिलन महिला वर्धमान की अध्यक्ष सुप्रिया जैन, सचिव अंजलि जैन, कोषाध्यक्ष निधि जैन, पूर्व अध्यक्ष रूबी जैन, अंजना जैन, बबिता जैन, आरती जैन, दीपाली जैन, जैन मिलन महिला से अध्यक्ष सपना जैन, सचिव कल्पना जैन, कोषाध्यक्ष शीतल जैन, श्वेता जैन, सीमा जैन, शालु जैन, प्रीति जैन, बबिता जैन, सविता जैन, ऊषा जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष सपना जैन ने सभी को भारतीय जैन मिलन संस्था के उद्देश्यों और कार्यों के बारे में जानकारी दी सरिता जैन ने कहा कि इस आयोजन ने समाज में बालिकाओं के प्रति सम्मान, जीवदया और सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो अन्य समाजों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकता है।

## अक्षय तृतीया पर कराया इक्षु रस का पान



**बारां. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन महासमिति संभाग बारां द्वारा विभिन्न सेवा कार्य किये गए।चन्द्रकला सेठी ने बताया कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ललिता टोंग्या के अनुसार अक्षय तृतीया के महा पर्व पर सभी धर्मावलम्बियों को दिगम्बर जैन जोड़ला मन्दिर चौमुखा बाजार पर सभी आने जाने वालों को गन्ने का रस सस्नेह पिलाया गया। सचिव सरला जैन ने बताया कि यह शुभ कार्यक्रम अद्विक सेठी सुपौत्र अध्यक्ष चन्द्रकला अशोक सेठी के 9वे जन्म दिवस के मंगलमय अवसर पर किया गया। संभाग द्वारा इसी अवसर पर सब्जी मंडी स्थित पुलिस चौकी पर मूक पक्षियों के लिए शीतल जल के परांडे लगाए गए। युवा प्रकोष्ठ मंत्री रानी नोपडा ने बताया कि इसी पर्व पर संस्था द्वारा गौशाला में चारा भी खिलाया गया। संस्था की सरिता बड़जात्या, कुसुम बज,श्वेता गंगवाल, संगीता बड़जात्या,कोषाध्यक्ष चन्द्रकला पाटनी, शकुंतला गोधा,विनोद गोधा सभी का पूर्ण सहयोग रहा। कुसुम बज व शकुंतला गोधा ने अक्षय तृतीया पर दान की महत्ता पर प्रकांश डाला। समाज प्रबुद्ध सभी महिला पुरुषो ने अपनी भागीदारी निभाई। मनोज नोपडा,शिखर चन्द जैन व अशोक सेठी ने सभी कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग प्रदान किया अंत मे सरला जैन द्वारा सभी का आगन्तुको का धन्यवाद प्रेषित किया गया।